विभाग का नाम : खाद्य, सम्भरण एवं उपभोक्ता कार्य कलाप विभाग आपूर्ति
विभाग का पता : के–ब्लॉक, विकास भवन, नई दिल्ली.

अतारांकित प्रश्न संख्या– 130
दिनांक : 30 जुलाई, 2021
प्रश्नकर्ता का नाम : श्री संजीव झा

क्या माननीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क्र0सं0	प्रश्न	उत्तर
क)	बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में नए बनने वाले कुल कितने नए राशन कार्ड लंबित हैं;	दिनॉक 25.07.2021 तक 10,899 नए राशन कार्ड आवेदन लंबित है।
ख)	सर्किल 02 में राशन कार्ड में नाम जोड़ने अथवा कटवाने के कितने आवेदन लंबित हैं;	नाम जोड़ने के लिए 5,873 और नाम कटवाने के लिए 154 आवेदन लंबित हैं ।
ग)	विगत 06 माह के दौरान कितने लंबित नए राशन कार्ड बनाए गए;	बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में पिछले छह महीने (01.01.2021 से 30.06.2021) के दौरान 34 नए राशन कार्ड बनाए गए।
घ)	उपरोक्त लंबित राशन कार्ड को कब तक बनाये जाने की योजना है; और	राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत नए राशन कार्ड जारी करना एक सतत् प्रक्रिया है । विभाग की नीति के अनुसार "प्रथम आगम प्रथम निर्गम" (FIFO) के आधार पर नए राशन कार्ड बनाए जाते हैं । दिल्ली के लिए कुल 72,77,995 लाभार्थियों की सीमा निश्चित की गई है जो कि पहले ही पूरी हो चुकी है।कार्ड निरस्त होने व नाम कटने से रिक्तियां (Vacancy) होने पर फिफो के अनुसार नए कार्ड बनाए जा सकेगें।
ङ)	सर्किल–02 (बुराड़ी) में FPS बदलने व घर का पता जैसे कितने आवेदन विभाग के पास लंबित है ,उनका विवरण उपलब्ध करवाए?	सर्किल 02 (बुराड़ी) में घर का पता बदलने के लिए 84 आवेदन (सूची क) और एफ0पी0एस0 बदलने के लिए 153 आवेदन (सूची ख) लंबित हैं। दिल्ली में जुलाई 2021 से राशन का वितरण e-PoS मशीन के द्वारा किया जा रहा है । अतः लाभार्थी अपनी सुविधा अनुसार दिल्ली में किसी भी राशन दुकान से राशन प्राप्त कर सकतें हैं। (सूची "क" एवं "ख" संलग्न है)

Secretary-Cum-Commissioner
Deptt. of Food,Supplies & Consumer Affairs
Govt. of N.C.T. of Delhi
K- Block, Vikas Bhawan, I. P. Estate
New Delhi- 110002